




# कुंभ-वाराणसी-अयोध्या : सांस्कृतिक आदान-प्रदान का हिस्सा बने तमिलनाडु के कारीगर और छात्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ का अनुभव करने और इसके आसपास के धार्मिक क्षेत्र के भ्रमण पर आए कारीगर, महिला उद्यमी, केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों से लेकर व्यापारियों, किसानों और स्वयं सहायता समूह के संचालकों सहित तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों से 1,200 से अधिक प्रतिनिधि सांस्कृतिक एवं शैक्षिक आदान-प्रदान की यात्रा पर हैं।

यह इतिहास की पुस्तकों में दर्ज स्थानों का गवाह बनने से लेकर तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों के साक्ष्यों को अपनी आंखों से देखने तक, इस प्रतिनिधिमंडल के यात्रा कार्यक्रम में तीन गंतव्य - कुंभ, अयोध्या और वाराणसी शामिल हैं, जो काशी तमिल संगमम' के तीसरे संस्करण का हिस्सा हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य मंत्रालयों के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस वार्षिक सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान का उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच प्राचीन सभ्यतागत बंधन का जश्न मनाना और उसे मजबूत करना है। काशी विश्वनाथ मंदिर के न्यासी के. वेंकट रमण घनपति के अनुसार, यह समागम महज दो सप्ताह का आयोजन नहीं है, बल्कि सदियों तक चलने वाला आयोजन है। उन्होंने पीटीआई-भाषा' से कहा, हनुमान घाट, केदार घाट और हरिश्चंद्र घाट विभिन्न दक्षिणी राज्यों से आए हजारों परिवारों के निवास स्थान हैं, जो दोनों क्षेत्रों के बीच स्थायी संबंध को दर्शाते हैं। सिर्फ हनुमान घाट पर 150 से अधिक घर तमिल परिवारों के स्वामित्व में हैं और इन्हीं की गलियों में हर दिन काशी तमिल संगमम का आयोजन होता है।

रमण पांचवीं पीढ़ी के पुजारी हैं और हरिश्चंद्र घाट के निकट 100 साल पुराने घर में रहते हैं। उन्होंने कहा, यह आदान-प्रदान कार्यक्रम न केवल मंदिरों के इस नगर के अभिन्न अंग तमिलों की समृद्ध तमिल संस्कृति और परंपराओं को प्रकाश में लेकर आया है, बल्कि इससे कला, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में हमारे पूर्वजों और ऋषियों के योगदान को भी उजागर करने में मदद मिली है। वेंकट रमण ने दक्षिणी राज्य से आए प्रतिनिधियों को तमिल में इस स्थान के समृद्ध इतिहास तथा तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस बार महाकुंभ में स्नान' को लेकर समूहों में उत्साह है। तमिलनाडु के इरोड में आवश्यक तेलों (प्राकृतिक चिकित्सीय उत्पादों, सौंदर्य प्रसाधन, अरोमाथेरेपी, स्पा, परफ्यूम और खाद्य उत्पादों के रूप में व्यापक रूप से लोकप्रिय) का व्यवसाय करने वाली मुद्रा ऋण लाभार्थी नीलाक्षी ने कहा, हम अपने कई मंदिरों में शिव की पूजा करते हैं और जब भी कोई परिचित काशी आता है, तो हम उनसे पवित्र जल लाने को कहते हैं। मैं यहां पहली बार आई हूं और काशी विश्वनाथ एवं अयोध्या में भव्य राम मंदिर जैसे मंदिरों में दर्शन करना चाहती हूं जो मेरी यात्रा प्राथमिकता में शामिल हैं।

शोध छात्रा हरिप्रिया के लिए उनकी यात्रा का मुख्य आकर्षण यहां हनुमान घाट पर स्थित प्रसिद्ध तमिल लेखक, कवि और स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुब्रमण्यम भारती के घर का दौरा करना रहा। 'काशी तमिल संगमम' का पहला संस्करण 16 नवंबर से 16 दिसंबर, 2022 तक आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य वाराणसी और तमिलनाडु के बीच जीवंत संबंधों को पुनर्जीवित करना था। दूसरा संस्करण 17 से 30 दिसंबर, 2023 तक आयोजित किया गया था। इसके तीसरे संस्करण को 10 दिवसीय कार्यक्रम के रूप में मनाने की योजना है जो 15 फरवरी से शुरू हुआ और 24 फरवरी को संपन्न होगा। इस वर्ष के आयोजन का मुख्य विषय सिद्ध चिकित्सा पद्धति (भारतीय चिकित्सा), शास्त्रीय तमिल साहित्य में ऋषि अगस्त्यर के महत्वपूर्ण योगदान और राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता में उनके योगदान पर प्रकाश डालना है।

शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उन्हें स्वास्थ्य, दर्शन, विज्ञान, भाषा विज्ञान, राजनीति और कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके अद्वितीय योगदान के लिए जाना जाता है। उन्हें दक्षिण भारत में तमिल भाषा के पहले व्याकरणविद के रूप में सम्मानित किया जाता है। उनका प्रभाव भारत से परे तक फैला हुआ है, क्योंकि भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में उनकी भूमिका के लिए उन्हें जावा और सुमात्रा में भी पूजा जाता है।

भारतीय प्रौद्योगकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के माध्यम से पांच श्रेणियों - छात्र, शिक्षक एवं लेखक; किसान और कारीगर; पेशेवर एवं छोटे उद्यमी; महिला स्वयं सहायता समूह, मुद्रा ऋण लाभार्थी एवं दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा (डीबीएचपीएस) प्रचारक और स्टार्टअप, नवाचार, एडु-टेक और अनुसंधान के क्षेत्र से तमिलनाडु के कम से कम 1,000 प्रतिनिधियों को इस यात्रा के लिए चुना गया है। विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत तमिल मूल के लगभग 200 छात्रों का एक अतिरिक्त समूह भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा है।

## तमिल शास्त्रीय भाषा, दूसरी भाषाओं की मदद के बिना स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता रखती है : स्टालिन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि मातृभाषा न केवल उत्कृष्ट पुरातनकालीन भाषा है, बल्कि यह एक शास्त्रीय भाषा है जिसमें अन्य भाषाओं की मदद के बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करने की शक्ति है। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने भाषा की विशिष्टता पर जोर दिया और कहा कि तमिल किसी भी भाषा से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में पुरातात्विक उत्खनन प्राचीन तमिलों के इतिहास की महानता को स्थापित कर रहे हैं, जिनकी मातृभाषा न केवल उत्कृष्ट प्राचीन भाषा है, बल्कि एक शास्त्रीय भाषा भी है जिसमें अन्य भाषाओं की मदद के बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करने की शक्ति है।

स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमारी अनूठी शास्त्रीय भाषा पूरी दुनिया में फैले!'' अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर, जिसमें भाषाई और सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाया जाता है, हम हमेशा अपनी मातृभाषा तमिल और सभी भाषाओं का और समानता के साथ हमारी भाषा बोलने वालों की भावनाओं का सम्मान करेंगे।''

पलानीस्वामी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि साथ ही तमिलों पर कोई दूसरी भाषा थोपने की कोशिशों को नाकाम किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने मातृभाषा में ही बुनियादी शिक्षा प्रदान करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि केंद्र की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में पांचवीं कक्षा तक की बुनियादी शिक्षा मातृभाषा में प्रदान करने पर जोर दिया गया है। अन्नामलाई ने 'एक्स' पर कहा, आज की डिजिटल दुनिया में भाषाओं को जोड़ना और कई भाषाओं को सीखने के अवसर पैदा करना जरूरी है।

आइए, हम अपनी मातृभाषा तमिल के आधार पर कई भाषाएं सीखें। आइए, हम तमिल भाषा की महिमा को दुनिया के सामने लाएं।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर चेन्नई का एक व्यक्ति गिरफ्तार

### 99 लाख रुपए का सोना बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पेट्रापोल जांच चौकी पर एक व्यक्ति के पास से 99 लाख रुपये मूल्य का सोना बरामद किया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बल ने बताया कि आरोपी अपने गुदा नली में सोना छिपाकर इसकी तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। बल ने बताया कि जब मेटल डिटेक्टर से उसके शरीर में धातु होने का पता चला तो उसे पकड़ लिया गया।

बल ने बताया कि गहन पूछताछ के दौरान संदिग्ध ने स्वीकार किया कि उसने अपनी गुदा नली के अंदर बेलनाकार आकार में सोने के तीन टुकड़े छिपा रखे थे। उसके पास से 1.13 किलोग्राम सोना बरामद किया गया। बयान में कहा गया कि चेन्नई निवासी आरोपी को बांग्लादेश के एक तस्कर ने यह सोना दिया था, जिसे कोलकाता में एक व्यक्ति तक पहुंचाना था। इसके बदले में आरोपी को 10 हजार रुपये दिये गये थे। इसमें बताया गया कि आरोपी को गिरफ्तार करके आगे की कार्रवाई के लिए स्थानीय अधिकारियों को सौंपा गया है।



## उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के दलित ईसाइयों की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली जिले के दलित ईसाई ग्रामीणों की उस याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें कोट्टापलायम पैरिश क्षेत्र में जाति आधारित अत्याचार, छुआछूत और भेदभाव का आरोप लगाया गया है।

न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने नोटिस जारी कर तमिलनाडु सरकार और गिरजाघर के अधिकारियों से 15 अप्रैल तक जवाबमांगा है। जे. दोस प्रकाश समेत याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता फ्रैंकलिन सीजर थॉमस ने क्षेत्र के दलित ईसाइयों के साथ दिन-प्रतिदिन के मामलों में होने वाले भेदभाव पर प्रकाश डाला। याचिका में आरोप लगाया गया है, आज की तारीख में, याचिकाकर्ताओं के साथ-साथ अन्य दलित कैथोलिक ईसाई समुदाय के गांव के निवासियों को बहुसंख्यक जाति समुदाय की जातिगत आक्रामकता के कारण अस्पृश्यता की पारंपरिक प्रथा और अमानवीय, जाति-आधारित भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है।

## पीएम श्री स्कूल योजना लागू न करने से हो रहे नुकसान से लोग स्तब्ध और 'नाराज' : अन्नाद्रमुक



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अखिल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह संकेत दिया है कि 'पीएम श्री स्कूल पहल' को तमिलनाडु में न लागू किए जाने से प्रदेश को पांच हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है और इससे राज्य के लोग स्तब्ध और ''नाराज'' हैं। पलानीस्वामी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा तमिलनाडु को दी जाने वाली एसएसए निधि को अचानक बंद किए जाने से लोगों में काफी आक्राश है क्योंकि इससे छात्रों और शिक्षकों को बहुत नुकसान होगा। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र से त्रिभाषी नीति (विद्यालयों में छात्रों को हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषा पढ़ाना) पर जोर दिए बिना शिक्षा क्षेत्र के लिए देय धनराशि जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को सार्वजनिक रूप से निरर्थक तर्क देने से बचना चाहिए और राज्य के हित में अच्छे निर्णय' के लिए केंद्र सरकार के साथ बातचीत करनी चाहिए।

पलानीस्वामी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि कई मौकों पर इस मुद्दे को स्पष्ट किए जाने के बावजूद कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के कुछ खंड तमिलनाडु को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन फिर भी सरकार इस बात पर जोर दे रही है कि तमिलनाडु बिना किसी बदलाव के एनईपी का पालन करे। अपनी द्विभाषी नीति के कारण शिक्षा क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाले तमिलनाडु पर त्रिभाषी नीति थोपने के केंद्र के प्रयास ने राज्य के लोगों में भय और भ्रम पैदा कर दिया है। उन्होंने तर्क दिया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु को राजभाषा अधिनियम 1963 से छूट दी है, जिससे राज्य में हिंदी लागू करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। आधिकारिक भाषा अधिनियम 19%6 उक्त बात को स्पष्ट करता है, जिससे राज्य में तमिल और अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा के रूप में अनुमति मिल गई।

पलानीस्वामी ने कहा, इसलिए तमिलनाडु के लिए इस समय त्रिभाषी नीति अनावश्यक है। अन्नाद्रमुक इस रुख पर अडिग है। मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूं कि वह इस बात को समझे और तमिलनाडु पर त्रिभाषी नीति न थोपें।

## अन्नामलाई ने 'गेट आउट स्टालिन' का नारा देते हुए द्रमुक के खिलाफ हमला तेज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में जारी जुबानी जंग के बीच विपक्षी पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री एम के स्टालिन पर निशाना साधा और 'गेट आउट स्टालिन' का नारा देते हुए सत्तारूढ़ दल पर तीखा हमला किया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन की प्रधानमंत्री पर गेट आउट मोदी' की टिप्पणी के जवाब में अन्नामलाई ने यह प्रतिक्रिया दी। भाजपा नेता ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह इस मामले को लेकर सोशल मीडिया का सहारा लेंगे।

अन्नामलाई ने 'एक्स' पर लिखा, एक परिवार की मनमानी, दागी मंत्रिमंडल, भ्रष्टाचार का केंद्र, अराजकता पर आंखें मूंद लेना, तमिलनाडु को मादक पदार्थों और अवैध शराब का अड्डा बना देना, बढ़ते कर्ज, खस्ताहाल शिक्षा मंत्रालय, महिलाओं व बच्चों के लिए खतरनाक माहौल, जाति व धर्म के आधार पर विभाजनकारी राजनीति, सुशासन देने में लगातार विफलता, दोषपूर्ण नीतियां और चुनावी वादे पूरे न करने के कारण तमिलनाडु में द्रमुक नीत सरकार को लोग जल्द ही सत्ता से उखाड़ फेकेंगे। अन्नामलाई ने लिखा, गेट आउट स्टालिन। भाजपा नेता ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह 19 फरवरी को करूर में कहे गए अपने शब्दों को वापस नहीं लेंगे।

अन्नामलाई ने कहा, उदयनिधि ने चेन्नई में एक रैली को संबोधित करते हुए गेट आउट मोदी' शब्दों का इस्तेमाल किया था। मैं, उनसे (उदयनिधि) पूरी ताकत से कहता हूं कि फिर से हमारे वैश्विक नेता के लिए ये शब्द कहें। फिर मैं शुक्रवार सुबह छह बजे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'गेट आउट स्टालिन' लिखूंगा।

## उदयनिधि का प्रधान पर पलटवार, कहा तमिलनाडु दो-भाषा नीति का पालन करेगा'



**चेन्नई।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शुक्रवार को नयी शिक्षा नीति (एनईपी) विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्य केवल दो-भाषा नीति का पालन करेगा। प्रधान ने इससे पहले शिक्षा नीति को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर हमला बोला था। उदयनिधि ने कहा कि राज्य केंद्र से केवल अपने द्वारा चुकाए गए करों से मिलने वाले हिस्से की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा, हम अपना हिस्सा, लगभग 2150 करोड़ रुपये मांग रहे हैं। वे (केंद्र) चाहते हैं कि हम एनईपी और तीन-भाषा नीति को स्वीकार करें। तमिलनाडु हमेशा से तीन-भाषा नीति का विरोध करता रहा है, इसलिए इस मुद्दे पर राजनीति करने के लिए है ही क्या। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ने संवाददाताओं से कहा, शिक्षा तमिलों का अधिकार है, कृपया समझिये की राजनीति कौन कर रहा है।

इससे पहले प्रधान ने एनईपी के कार्यान्वयन पर जारी विवाद को लेकर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर निशाना साधा था और उन पर राजनीतिक एजेंडे को बनाए रखने के लिए प्रगतिशील सुधारों को खतरे में डालने' का आरोप लगाया था। प्रधान ने स्टालिन को लिखे पत्र में कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर छात्रों के हितों के बारे में सोचना चाहिए क्योंकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से उन्हें लाभ होगा। शिक्षा मंत्री स्टालिन द्वारा बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए पत्र का जवाब दे रहे थे। स्टालिन ने अपने पत्र में कहा कि केंद्र प्रायोजित दो पहलों समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) और पीएम श्री स्कूल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) से जोड़ना मौलिक रूप से अस्वीकार्य है।





## आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों के लिए मानव तस्करी जागरूकता पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे ने रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सहयोग से 20 फरवरी को चेन्नई स्थित दक्षिण रेलवे मुख्यालय में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया।

इस सत्र का उद्देश्य तमिलनाडु में आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारियों और कर्मचारियों को मानव तस्करी के गंभीर मुद्दे के बारे में जागरूक करना था, जिसमें महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन आईआरपीएफएस, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण रेलवे के जीएम ईश्वर राव द्वारा किया गया। सुलाया मीटिंग हॉल में एकत्रित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, आईजी/आरपीएफ ने क्षेत्र-स्तरीय सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया, और अधिकारियों से तस्करी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का आग्रह किया, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों को लक्षित करने वाली गतिविधियों पर जोर दिया।

प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण सहायक निदेशक सुश्री संगीता गौर और प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण प्रबंधक अभय अवस्थी द्वारा विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए, जिनमें मानव तस्करी के पैटर्न, हस्तक्षेप रणनीतियों और ऐसे अपराधों से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा बनाए गए प्रासंगिक कानूनों के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/आरपीएफ/चेन्नई मंडल के बी. रामकृष्ण तथा आई. ईश्वरन, एसपी/रेलवे/चेन्नई उपस्थित थे। बचपन बचाओ आंदोलन के तमिलनाडु राज्य समन्वयक नताशा मलिम ने उपस्थित लोगों का हार्दिक स्वागत किया। यह पहल मानव तस्करी से निपटने और रेलवे नेटवर्क में यात्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए दक्षिण रेलवे, आरपीएफ और जीआरपी की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल ने सचिन तेंदुलकर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया




**चेन्नई।** डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। आंखों की देखभाल करने वाले अस्पताल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले दो दशक से अस्पताल तेंदुलकर के सम्मान में 'अपनी 100 शताब्दी, 100 मरीज' पहल के तहत प्रतिवर्ष 100 निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा करता आ रहा है। सचिन 2014 में सरकार द्वारा 'भारत रत्न' से सम्मानित किए गए थे।

अस्पताल के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. अमर अग्रवाल ने शुक्रवार को बयान में कहा, सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाना हमारे लिए सम्मान की बात है। उनका सहयोग नेत्र देखभाल में उत्कृष्टता की हमारी यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ता है। उन्होंने कहा, पिछले दो दशकों से हमारा अस्पताल उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 100 निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा करता आ रहा है। क्रिकेट में उनकी अद्वितीय विरासत, 100 शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी के रूप में सचिन, स्वास्थ्य सेवा में सर्वश्रेष्ठ हासिल करने के हमारे मिशन से मेल खाते हैं। बयान में तेंदुलकर के हवाले से कहा गया, मैं एक बार फिर डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल के साथ सहयोग करके बहुत खुश हूं। कई साल पहले, मुझे बेंगलूरु में उनके अस्पताल का उद्घाटन करने का सम्मान मिला था, जहां टीम ने जरूरतमंद लोगों को मुफ्त नेत्र शल्य चिकित्सा प्रदान करने का संकल्प लिया था...।''

## रेल सेवा का हुआ रद्दीकरण, कई ट्रेन सेवाओं के मार्ग में परिवर्तन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे ने परिचालन कारणों से ट्रेनों को रद्द किया है।

ट्रेन संख्या 22807 संतरागाछी - डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट एसी एक्सप्रेस, जो 25 फरवरीको 17.55 बजे संतरागाछी से निकलने वाली है, पूरी तरह से रद्द है। वही वापसी में ट्रेन संख्या 22808 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल - संतरागाछी सुपरफास्ट एसी एक्सप्रेस, जो 27 फरवरी को डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से 08.15 बजे निकलने वाली है, पूरी तरह से रद्द है। वहीं उत्तर मध्य रेलवे ने ट्रेन सेवाओं के स्वरूप में परिवर्तन किया है।

ट्रेन संख्या 03680 कोयंबटूर-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल, जो 25 फरवरी, को कोयंबटूर से 07.50 बजे रवाना होने वाली है, पूरी तरह से रद्द है।

ट्रेन संख्या 12669 डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-छपरा गंगा कावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 24 फरवरी को 17.40 बजे डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से प्रस्थान कर इटारसी, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, कानपुर, लखनऊ और वाराणसी के रास्ते चलाई जाएगी।

25 फरवरी को 16.30 बजे पटना से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 22670 पटना-एर्नाकुलम जंक्शन एक्सप्रेस को वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना और इटारसी के रास्ते चलाया जाएगा। ट्रेन संख्या 12670 छपरा - डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल कावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 26 फरवरी को 21.00 बजे छपरा से प्रस्थान कर वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना और इटारसी के रास्ते चलाई जाएगी। ट्रेन संख्या 22614 अयोध्या कैंट - मंडपम श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस 26 फरवरी को 23.10 बजे अयोध्या कैंट से प्रस्थान कर रही है, जिसे अयोध्या कैंट, लखनऊ, कानपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना और इटारसी के रास्ते चलाया जाएगा।

### दक्षिण रेलवे ने गलत खबर का खंडन किया

सोशल मीडिया/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चल रही 'दक्षिण रेलवे जनरल कोचों की संख्या कम करने की योजना बना रहा है' का दक्षिण रेलवे ने खंडन किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऐसी कोई योजना नहीं है। जरूरत के समय जनरल कोचों की संख्या बढ़ाई जाती है। वहीं दक्षिण रेलवे ने अनारक्षित यात्रियों के लाभ के लिए मार्च, 2025 से सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच बढ़ाने की योजना बनाई है

पहले फरवरी-2025 से जनरल कोचों की संख्या में वृद्धि करने की योजना बनाई गई थी। इन वृद्धि के लिए आवश्यक अतिरिक्त कोचों का उपयोग महाकुंभ में आने वाले यात्रियों के लाभ के लिए तमिलनाडु और केरल से वाराणसी तक विशेष ट्रेनें चलाने के लिए किया जा रहा है। और ये कोच मार्च 2025 के पहले सप्ताह में उपलब्ध होंगे। ट्रेन संरचना में ये बदलाव मार्च 2025 के महीने में लागू किए जाएंगे। कई ट्रेनों में एक या दो जीएस कोच जोड़े जाएंगे, जिससे प्रति ट्रेन जीएस कोचों की कुल संख्या चार हो जाएगी।

